राजकीय ई–मेल

# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 15 (24)2024 / कार्मिक–भर्ती / प्रमुवसं–09646

निमित
**समस्त वनाधिकारीगण।**

विषय :– वनपाल एवं वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2020 के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा **वनपाल एवं वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2020** आयोजित कर लिखित परीक्षा परिणाम घोषित करने के उपरांत इस कार्यालय द्वारा अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को समय–समय पर निम्नानुसार कार्यालय आवंटन किया गया है :–

| क्र.सं. | पत्रांक व दिनांक | पद | सूची | अभ्यर्थियों की संख्या | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | गैर अनुसूचित क्षेत्र | अनुसूचित क्षेत्र | |
| 1. | 3335–4000 / दिनांक 10.08.2023 | वनपाल | मुख्य सूची | 79 | 42 | **121** |
| 2. | 7187–7213 / दिनांक 12.01.2024 | | मुख्य सूची | 8 | 6 | **14** |
| 3. | 7187–7213 / दिनांक 12.01.2024 | | प्रतिक्षा सूची | 4 | 5 | **9** |
| 4. | 851–57 / दिनांक 19.06.2024 | | मुख्य सूची | 11 | 0 | **11** |
| 5. | 8547227 / दिनांक 02.07.2024 | | प्रतिक्षा सूची | 2 | 1 | **3** |
| 6. | 6728–6809 / दिनांक 13.12.2023 | वनरक्षक | मुख्य सूची | 1283 | 418 | **1701** |
| 7. | 7471–86 / दिनांक 01.02.2024 | | मुख्य सूची | 8 | 0 | **8** |
| 8. | 403–43 / दिनांक 29.05.2024 | | प्रतिक्षा सूची | 71 | 16 | **87** |
| 9. | 982–1040 / दिनांक 11.09.2024<br>965–71 / दिनांक 10.09.2024 | | मुख्य सूची | 866 | 60 | **926** |
| 10. | 982–1040 / दिनांक 11.09.2024 | | प्रतिक्षा सूची | 4 | 0 | **4** |

इस कार्यालय के पत्रांक एफ 15 (25)2023 / कार्मिक–भर्ती / प्रमुवसं / 6728–6809 दिनांक 13.12.2023 के बिन्दु संख्या 7 में आपको निर्देशित किया गया था कि ''कार्यग्रहण समयावधि में वृद्धि के संबंध में कार्मिक (क–2) विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 8 (3)कार्मिक / क–2 / 7 पार्ट दिनांक 24.03.2022 अनुरुप कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करना होगा।''

कार्मिक (क–2) विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 7 (2)कार्मिक / क–2 / 81 पार्ट दिनांक 27.10.2023 द्वारा आरक्षित सूची क्रियान्वयन के संबंध में दिशा–निर्देश प्रदान किए गए है।

उक्त परिपत्र के द्वारा निर्देशित किया गया है कि भविष्य में आरक्षित सूची से नाम प्राप्त करने हेतु विभाग की अभिशंषा भर्ती संस्था के पास 06 माह की अवधि समाप्त होने के न्यूनतम 45 दिवस पूर्व पहुंच जानी चाहिए। आरक्षित सूची से नाम प्राप्त करने हेतु उक्त समय सीमा के अंदर भर्ती संस्था के पास अर्थना नहीं पहुंचने के कारण प्रतीक्षा सूची का क्रियान्वयन नहीं होने की समस्त जिम्मेवारी संबंधित विभागाध्यक्ष की होगी।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि :–

1. वनपाल एवं वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2020 में अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 24.03.2022 के अनुरुप गुणावगुण के आधार पर प्रकरण का समुचित परीक्षण कर ही कार्यग्रहण अवधि में अभिवृद्धि किया जाना सुनिश्चित करें।
2. वनपाल एवं वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2020 से संबंधित समस्त दस्तावेज (नियुक्ति आदेश, कार्यग्रहण अवधि में अभिवृद्धि, नियुक्ति आदेश के निरस्ति आदेश आदि) अविलम्ब इस कार्यालय को **ई–डाक के माध्यम से SSO ID RJTO202036023696** पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

3. वनपाल एवं वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2020 से संबंधित समस्त सूचनाओं को इस कार्यालय के पत्रांक एफ 15 ( )2024/कार्मिक–भर्ती/प्रमुवसं–09646 दिनांक 24.07.2024 एवं दिनांक 26.09.2024 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार FMDSS पोर्टल पर सृजित **Dynamic Web Forms** में सूचनाऐं अपलोड करना सुनिश्चित करें। समस्त Dynamic Web Forms को सूचनाओं के संशोधन होने पर आवश्यकतानुसार सूचनाओं को लगातार अद्यतन किया जाना है।

4. इस कार्यालय के पत्रांक 15 (24)2024/कार्मिक–भर्ती/प्रमुवसं–09646 दिनांक 03.07.2024 द्वारा दिये गये निर्देश

**वनपाल एवं वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2020 में चयनित अभ्यर्थियों को उनके चयनित क्षेत्र के अनुरूप ही आपके कार्यालय में स्वीकृत रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति प्रदान कर उसी क्षेत्र में पदस्थापन किया जाना**

की पालना सुनिश्चित करें।

आपके द्वारा समय पर उपरोक्त कार्यवाही नही किए जाने की स्थिति में इस कार्यालय द्वारा लिए जाने वाले प्रशासनिक निर्णयों में विसंगति उत्पन्न होने के साथ–साथ राजकीय कार्य अनावश्यक रुप से विलम्बित/बाधित होता है तो उसकी समस्त जिम्मेवारी संबंधित कार्यालय की होगी।

**उपरोक्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें।**

भवदीया,

(शिखा मेहरा)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन)
राजस्थान जयपुर

क्रमांक : एफ 15 (24)2024/कार्मिक–भर्ती/प्रमुवसं–09646

प्रतिलिपि उप वन संरक्षक सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यालय हाजा को विभागीय वेब साईट पर प्रकाशन हेतु।

(बृज मोहन गुप्ता)
उप वन संरक्षक (अराजपत्रित)
कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक
राजस्थान, जयपुर

R:\DigiGOV\Rajasthan\FileSystemDMSStore\DigiGOV\Intranet\PDF\10797644_4204242032135903366.docx

Document certified by Shikha Mehra
<shikhamehraifs@gmail.com>.
Digitally Signed by Shikha Mehra
Designation : Principal Chief
Conservator Of Forest
Date :30-09-2024 01:10:02

RajKaj Ref No.: 10797644